# **बीएचईएल ने उत्कृष्टता उत्सव का आयोजन किया; माननीय केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री ने बीएचईएल के प्रतिभावान कर्मचारियों को एक्सेल पुरस्कार प्रदान किए**




**नई दिल्ली, 7 जनवरी:** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अपना वार्षिक बीएचईएल दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया, जहां प्रतिभावान कर्मचारियों को कंपनी के 'एक्सेल पुरस्कार' प्रदान किए गए। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय भारी उद्योग व इस्पात मंत्री श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर श्री कामरान रिज़वी, सचिव (भारी उद्योग), श्री विजय मित्तल, संयुक्त सचिव (भारी उद्योग), श्री के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बीएचईएल, निदेशक गण, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

समारोह में श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों के 161 कर्मचारियों से युक्त 31 टीमों को एक्सेल पुरस्कार प्रदान किए। इन पुरस्कारों में उत्कृष्टता पुरस्कार - सर्वांगीण उत्कृष्टता के लिए; उत्कृष्ट तकनीकी प्रकाशन पुरस्कार - तकनीकी पेपर / बुकलेट / पुस्तक के प्रकाशन के

लिए, अनुसंधान पुरस्कार -अनुसंधान एवं विकास के लिए, ग्राहक संतुष्टि पुरस्कार - ग्राहक संतुष्टि के लिए, उत्पादकता पुरस्कार - उत्पादकता में वृद्धि के लिए, प्रतिबद्धता पुरस्कार – प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कार्य के प्रति अनुकरणीय प्रतिबद्धता के लिए; तथा समाज सेवा पुरस्कार - समाज को उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार शामिल थे।




बीएचईएल की एक्सेल पुरस्कार योजना एक अनूठी पुरस्कार योजना है जो खेल, सामाजिक या सांस्कृतिक कार्यों आदि में की गई अनुकरणीय उपलब्धियों के अतिरिक्त कंपनी के विकास, लाभप्रदता, ग्राहक संतुष्टि तथा तकनीकी विकास के लिए कर्मचारियों द्वारा किए गए सर्वांगीण उत्कृष्टता और योगदान के सम्मान स्वरूप दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत प्रत्येक टीम को 35,000/- रुपये से 2,40,000/- रुपये तक के नकद पुरस्कार के साथ कुछ सुविधाएं दी जाती हैं। इस योजना में पुरस्कार विजेताओं के चयन हेतु एक वृहत आंतरिक जांच प्रक्रिया है तथा पुरस्कार विजेताओं का चयन बाहरी निर्णायक मंडल द्वारा किया जाता है।




सभा को संबोधित करते हुए, माननीय केंद्रीय भारी उद्योग व इस्पात मंत्री श्री एच. डी. कुमारस्वामी जी ने कहा कि बीएचईएल प्रत्येक अवसर पर सदैव तत्पर रहा है और सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निरंतर प्रदर्शित करता रहा है। कंपनी अपनी स्थापना के समय से ही राष्ट्र निर्माण और देश की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। श्री कुमारस्वामी जी ने आगे कहा कि, बीएचईएल अपने प्रतिबद्धता और समर्पण के माध्यम से, न केवल ऊर्जा और इनफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है बल्कि रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। माननीय मंत्री जी ने इसरो के सफल चंद्रयान-3 मिशन में बीएचईएल की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री. कामरान रिज़वी, सचिव (भारी उद्योग) ने कहा कि 2023-24 में बीएचईएल ने लगभग 78,000 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऑर्डर बुकिंग प्राप्त की है। चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक परिदृश्य को देखते हुए वास्तव में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी। उन्होंने कहा कि यह कंपनी के सामर्थ्य और मजबूत मार्केट पोजिशन को दर्शाता है। उन्होंने कर्मचारियों से माननीय प्रधान मंत्री के आह्वान – "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने, और न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, बल्कि नवाचार, ग्राहक संतुष्टि और सामाजिक सेवा को भी पुरस्कृत करने के लिए उन्होंने बीएचईएल प्रबंधन को बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान, माननीय केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री, श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने बीएचईएल की हिंदी पत्रिका, *अरुणिमा* का विमोचन किया।

इससे पहले, कार्यक्रम की शुरुआत में सभी का स्वागत करते हुए, बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री के. सदाशिव मूर्ति ने कहा कि एक्सेल पुरस्कार कुछ चुने हुए सबसे समर्पित कर्मचारियों को पुरस्कृत और सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में बहुत ही प्रभावशाली ढंग से उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। इनके प्रयासों
व अभिनव दृष्टिकोण से लागत एवं साइकल टाइम में कमी आई, मैटीरियल की बचत हुई और गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। उन्होंने सभी कर्मचारियों से बीएचईएल की उत्कृष्टता की यात्रा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बीएचईएल के कर्मचारियों व उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।




***